सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी

सं. 4/2-2/21/2025-E.I दिनांक: 30.09.2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: विज्ञापन सं. 02/2025 के अंतर्गत तकनीकी सहायक तथा तकनीशियन (1) के पदों पर भर्ती हेतु आयोजित लिखित परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी जारी करने के संबंध में।

संस्थान के विज्ञापन सं. 02/2025 के अंतर्गत तकनीकी सहायक तथा तकनीशियन (1) के पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 28 दिसंबर, 2025 को सीरी विद्या मंदिर स्कूल, पिलानी में किया गया था। उक्त लिखित परीक्षा के प्रश्न-पत्र एवं उत्तर कुंजी (Answer Keys) इस कार्यालय के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन दिनांक 23.03.2026 द्वारा जारी किए गए थे।

उक्त उत्तर कुंजी के संबंध में अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों (Representations) का नियमानुसार परीक्षण किए जाने के उपरांत अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की गई है। अंतिम उत्तर कुंजी **अनुलग्नक-I** के रूप में तथा अभ्यावेदनों के निस्तारण का विवरण **अनुलग्नक-II** के रूप में संलग्न है।

तदनुसार, दिनांक 23.03.2026 को जारी उत्तर कुंजी के संबंध में प्राप्त सभी अभ्यावेदनों का निस्तारण किया जाता है। इस संबंध में अब किसी अन्य अभ्यावेदन (Representation) पर विचार नहीं किया जाएगा।

उक्त पदों के संबंध में अद्यतन जानकारी हेतु अभ्यर्थी सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट **www.ceeri.res.in** का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

मधुरंजन 30.9.2026

(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपिः

- प्रमुख (एआईटीजी) – सीरी वेबसाइट पर कार्यालय ज्ञापन एवं अंतिम उत्तर कुंजी अपलोड करने के अनुरोध सहित।